नामांक Roll No.

Sl.No. :

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 22

No. of Printed Pages – 11 + Map

**VU–11–Pol. Sc. (Supp.)**

Tear Here

# वरिष्ठ उपाध्याय पूरक परीक्षा, 2024

# VARISHTHA UPADHYAYA SUPPLEMENTARY EXAMINATION, 2024

## राजनीति विज्ञान

## POLITICAL SCIENCE

**समय** : 3 **घण्टे** 15 **मिनट**

**पूर्णांक** : 80

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें
TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।

   Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

   **All** the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें।

   Write the answer to each question in the given answer-book only.

यहाँ से काटिए

4) **जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।**

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) **प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तरण में किसी प्रकार की त्रुटि/अन्तर/विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें।**

If there is any error/ difference/ contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

6) **प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

Write down the serial number of the question before attempting it.

## खण्ड – अ

## SECTION - A

**बहुविकल्पीय प्रश्न :**

Multiple Choice Questions :

**1)** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चयन कर उत्तर–पुस्तिका में लिखिये :**

Choose the correct option to answer the following questions and write it in the answer book-

i) **सोवियत संघ के विघटन के पश्चात् अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य पर क्या प्रभाव पड़ा?** **[1]**

**अ)** **द्वि ध्रुवीय विश्व व्यवस्था** **ब)** **एक ध्रुवीय विश्व व्यवस्था**

**स)** **बहु ध्रुवीय विश्व व्यवस्था** **द)** **त्रि ध्रुवीय विश्व व्यवस्था**

What was the Impact on the International Scene after the disintegration of the Soviet Union?

A) Bipolar world order B) Unipolar world order

C) Multipolar world order D) Tripolar world order

ii) **यूरोपीयन इकॉनामिक कम्यूनिटी का गठन कब हुआ?** **[1]**

**अ)** 1955 **ब)** 1956

**स)** 1957 **द)** 1958

When was the European Economic Community Formed?

A) 1955 B) 1956

C) 1957 D) 1958

iii) **बांगला देश का निर्माण किस वर्ष में हुआ?** **[1]**

**अ)** 1971 **ब)** 1972

**स)** 1973 **द)** 1974

In which year was Bangladesh created?

A) 1971 B) 1972

C) 1973 D) 1974

iv) **'लीग ऑफ नेशंस' के उत्तराधिकारी के रूप में किसकी स्थापना हुई?** **[1]**

**अ)** **संयुक्त राष्ट्र संघ** **ब)** **दक्षिण एशियाई संगठन**

**स)** **आसियान** **द)** **यूरोपीय संघ**

Who was established as the successor to the 'League of Nations'?

A) United Nation Organisation B) South Asian Organisation

C) Asean D) European Union

v) सुरक्षा परिषद् में अस्थायी सदस्यों का चुनाव कितने वर्षों के लिए होता है? [1]

अ) चार वर्ष के लिए   ब) पाँच वर्ष के लिए

स) दो वर्ष के लिए   द) तीन वर्ष के लिए

For how many years are the temporary members elected in security council?

A) For Four years   B) For Five years

C) For two years   D) For Three years

vi) अमेरिका के 'वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर' पर आंतकवादियों ने कब हमला किया? [1]

अ) 12 सितम्बर 2011   ब) 11 सितम्बर 2001

स) 11 सितम्बर 2012   द) 14 सितम्बर 2009

When did terrorists attack America's 'World Trade Center'?

A) 12 September 2011   B) 11 September 2001

C) 11 September 2012   D) 14 September 2009

vii) 'ऊर्जा संरक्षण अधिनियम' कब पारित हुआ? [1]

अ) सन् 2001 में   ब) सन् 2002 में

स) सन् 2003 में   द) सन् 2004 में

When was the Energy conservation Act passed?

A) In the year 2001   B) In the year 2002

C) In the year 2003   D) In the year 2004

viii) वर्ल्ड सोशल फोरम की प्रथम बैठक ब्राजील के किस शहर मे हुई? [1]

अ) रियो डि जेनेरियो   ब) साओ पाउलो

स) पोर्टो अलगेरे   द) साल्वेडर

In which city of Brazil was the first meeting of the World Social Forum held?

A) Rio de Jeneiro   B) Sao Paulo

C) Porto Alegre   D) Salvador

ix) वर्ष 2000 में भारत में कौनसे तीन नये राज्य बने? **[1]**

अ) तेलंगाना, मिजोरम, मेघालय    ब) छत्तीसगढ़, उत्तराखण्ड, झारखण्ड,

स) छत्तीसगढ़, मिजोरम, पंजाब    द) उत्तराखण्ड, झारखण्ड, मेघालय

Which three new states were formed in India in the year 2000?

A) Telangana, Mizoram, Meghalaya

B) Chhattisgarh, Uttarakhand, Jharkhand,

C) Chhattisgarh, Mizoram, Punjab,

D) Uttarakhand, Jharkhand, Meghalaya,

x) निम्न में से 'दक्षिण पंथी' विचार धारा के पक्ष में सर्वाधिक उपयुक्त कथन है– **[1]**

अ) केवल सरकार ही अर्थव्यवस्था संभाल सकती है

ब) सरकार के जरिये केवल पिछड़ो को लाभ मिले

स) सरकार का अर्थव्यवस्था में गैर जरुरी हस्तक्षेप न हो

द) सरकारी नीतियों का समर्थन

Which of the following is the most appropriate statement in favour of right wing ideology?

A) Only the government can handle the economy

B) Only the backward people should get benefits through the government

C) There should be no unnecessary interference of the government in the economy

D) Support of government policies

xi) स्वतंत्र भारत के प्रथम विदेश मंत्री कौन थे? **[1]**

अ) सरदार वल्लभ भाई पटेल    ब) सुभाष चन्द्र बोस

स) डॉ. भीमराव अम्बेडकर    द) पं. जवाहर लाल नेहरू

Who was the first Foreign Minister of Independent India?

A) Sardar Vallabhbhai Patel    B) Subhash Chandra Bose

C) Dr. Bhimrao Ambedkar    D) Pt. Jawaharlal Nehru

xii) स्वतंत्र भारत के दूसरे प्रधानमंत्री मंत्री कौन थे? **[1]**

अ) इन्दिरा गाँधी    ब) लाल बहादुर शास्त्री

स) मोरारजी देसाई    द) चरण सिंह

Who was the second Prime Minister of Independent India?

A) Indira Gandhi    B) Lal Bahadur Shastri

C) Morarji Desai    D) Charan Singh

xiii) भारत में आपातकाल के समय कौनसा संविधान संशोधन पारित किया गया? **[1]**

अ) 41 वाँ  ब) 43 वाँ

स) 42 वाँ  द) 44 वाँ

Which constitutional amendment was passed during the Emergency in India?

A) $41^{st}$  B) $43^{rd}$

C) $42^{nd}$  D) $44^{th}$

xiv) मिजो नेशनल फ्रन्ट के संस्थापक कौन थे? **[1]**

अ) लालडेंगा  ब) अंगमी जापू फिजो

स) ई. वी. रामास्वामी  द) मास्टर तारासिंह

Who was the founder of Mizo National Front?

A) Laldenga  B) Angami Zapu Phizo

C) E.V. Ramaswamy  D) Master Tara Singh

xv) मंडल आयोग की सिफारिशों को कब लागू किया गया? **[1]**

अ) 1988  ब) 1989

स) 1990  द) 1991

When were the recommendations of the Mandal Commission implemented?

A) 1988  B) 1989

C) 1990  D) 1991

**2)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये :

Fill in the blanks :

i) 1917 में जनता ने अपनी संस्कृति की साज संभाल करने के लिए .............. गणराज्यों को आपस में मिलाकर सोवियत संघ बनाया। **[1]**

In 1917, the people united ______republics and formed the Soviet Union to preserve their culture.

ii) 18 वाँ दक्षेस सम्मेलन ................. में हुआ। (स्थान) **[1]**

The $18^{th}$ SAARC conference was held in ____. (Place)

iii) मानवाधिकार को कुल ................ कोटियों मे रखा गया है। **[1]**

Human rights have been divided into _____categories.

iv) संचार, विचार, वस्तु संस्कृति का आदान प्रदान विश्व में .................. के कारण आसान हुआ। **[1]**

Communication, idea, object and cultural exchange has become easier in the world due to ______.

v) भारत का पहला भाग ............... है जहाँ सार्वभौम वयस्क मताधिकार का प्रयोग किया गया। **[1]**

______was the First Part of India where universal adult franchise was introduced.

vi) योजना आयोग की स्थापना सन् ................ में हुई। **[1]**

Planning Commission was established in _____ years.

vii) राजीव गाँधी लोंगोवाल समझौता सन् .................. में हुआ। **[1]**

Rajiv Gandhi Longowal Accord was signed in _____ year.

**3)** **अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न :**

**(निम्न प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक पंक्ति में दीजिए।)**

Very Short Answer Type Questions :

(Answer the following questions in one word or one line)

i) श्रीलंका में 'तमिल ईलम' की क्या माँग है? **[1]**

What is the demand of Tamil Eelam in Sri Lanka?

ii) संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रथम महासचिव का नाम बताइये। **[1]**

Name the first Secretary General of the United Nations.

iii) भारत संयुक्त राष्ट्र संघ में कब शामिल हुआ? **[1]**

When did India Join the United Nations?

iv) सुरक्षा के पारपंरिक तरीके कौन–कौन से है? कोई दो लिखिये। **[1]**

What are the traditional methods of security, write any two?

v) आपके मतानुसार विश्व में बढ़ते पर्यावरण के खतरे को कैसे कम किया जा सकता है, कोई दो सुझाव दीजिए। **[1]**

In your opinion, how can the growing environmental threat in the world be reduced? Give any two suggestions.

vi) वैश्विक संपदा का अर्थ बताइये। **[1]**

Explain the meaning of global wealth?

vii) वैश्वीकरण से विश्व पटल पर क्या सकारात्मक प्रभाव पड़ा? कोई एक सकारात्मक प्रभाव लिखिए। **[1]**

What positive impact has globalization had on the world? Write any one positive impact?

viii) 'रजवाड़े' से क्या अभिप्राय है? **[1]**

What is meant by 'Princely State'?

ix) 'प्रथम पंचवर्षीय योजना' का मूल उद्देश्य क्या था? **[1]**

What was the basic objective of the 'first five year plan'?

x) 'नेशनल कांन्फ्रेस' किस राज्य में सक्रिय है? **[1]**

'National Conference' is active in which State?

## खण्ड – ब

## SECTION - B

लघुत्तरात्मक प्रश्न – (उत्तर सीमा लगभग 50 शब्द)

Short Answer Type Questions - (Answer Limit about 50 words)

**4)** आसियान की स्थापना में कितने देशों ने बैंकॉक घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किये? नाम लिखिये। (कोई चार) **[2]**

How many countries signed the Bangkok declaration in the establishment of ASEAN? Write name? (any four)

**5)** संयुक्त राष्ट्र संघ में सुधारों की आवश्यकता है। आप कोई दो सुझाव दीजिए। **[2]**

The United Nations needs reforms give any two suggestions.

**6)** सुरक्षा के पारंपरिक तरीके कौन–कौन से है? कोई दो लिखिए। **[2]**

What are the traditional notions of security? Write any two?

7) वर्ल्ड काउसिंल ऑफ इंडिजिनस पीपल का गठन कब हुआ? [2]

When was the World Council of Indigenous People formed?

8) भारत विभाजन के किन्हीं दो परिणामों को लिखिए। [2]

Write any two consequences of the partition of India?

9) दूसरी पंचवर्षीय योजना के कोई दो मुख्य उद्देश्य लिखिए। [2]

Write any two main objectives of the second, five year plan?

10) कांग्रेस में सिंडिकेट प्रणाली क्या थी? लिखिए। [2]

What was Syndicate System in Congress?

11) 'प्रिवी पर्स' से क्या अभिप्राय है? [2]

What is meant by 'Privy Purse'?

12) आपातकाल के पश्चात् भारत की राजनीति में आये दो प्रमुख बदलावों को लिखिए। [2]

Write two major changes in Indian Politics after the Emergency?

13) केशवानन्द भारती मुकदमें में सर्वोच न्यायालय द्वारा क्या निर्णय दिया गया था? [2]

What decision was given by the Supreme Court in Kesavananda Bharti case?

14) ''क्षेत्रिय आकांक्षाओं से निपटने की तैयारी हमें लगातार रखनी होगी।''इस कथन के पक्ष में कोई दो तर्क दीजिए। [2]

"We will also have to continuously prepare to deal with regional aspirations". Give any two arguments in favour of this statement.

15) आपके मतानुसार मिली–जुली सरकार के दुष्परिणाम अधिक है। लोकतंत्र को मस्तिष्क में रखते हुए कोई दो दुष्परिणाम बताइये। [2]

According to your opinion, the ill effects of mixed government are more. Keeping democracy in mind, mention any two ill effects.

## खण्ड – स
## SECTION - C

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न – (उत्तर सीमा लगभग 100 शब्द)**

Long Answer Type Questions - (Answer Limit about 100 words)

**16)** **आर्थिक क्षेत्र में आसियान की भूमिका पर संक्षेप में लिखिए।** **[3]**

Write briefly on the role of ASEAN in the economic field.

अथवा/OR

**चीन की आर्थिक नीतियों को संक्षेप में लिखिए।**

Write briefly the economic policies of China.

**17)** **नेपाल में लोकतंत्र की स्थापना को संक्षेप में लिखिए।** **[3]**

Write briefly about the establishment of democracy in Nepal.

अथवा/OR

**''पाकिस्तान की लोकतांत्रिक सत्ता ने सदैव चुनौतियों का सामना किया है।'' पाकिस्तान के लोकतांत्रिक संकट को संक्षेप में लिखिए।**

Pakistan democratic governance has always faced challenges. Write briefly about the democratic crisis of Pakistan.

**18)** **आर्थिक वैश्वीकरण की व्याख्या कीजिए।** **[3]**

Explain economic globalization.

अथवा/OR

**''वैश्वीकरण का संपूर्ण विश्व में विरोध हो रहा है।'' इस कथन के पक्ष में अपने विचार लिखिए।**

Globalization is being opposed all over the world. Write your views in favour of this statement.

**19)** **''भारत में क्षेत्रिय दलों का महत्त्व बढ़ा है।'' कोई तीन कारण बताइये।** **[3]**

The importance of regional parties has increased in India. Give any three reasons.

अथवा/OR

**भारत की बहुदलीय व्यवस्था पर टिप्पणी लिखिए।**

Write a comment on India's multi party system?

## खण्ड – द
## SECTION - D

निबन्धात्मक प्रश्न – (उत्तर सीमा लगभग 250 शब्द)
Essay Type Questions - (Answer Limit about 250 words)

20) सोवियत संघ के विघटन से भारत–रूस के सम्बन्धो पर क्या प्रभाव पड़ा? अपना मत प्रकट करते हुए विवेचना कीजिए। [4]
Express your opinion and discuss what impact the disintegration of the Soviet Union had on India-Russia relations?

अथवा/OR

सोवियत संघ के विघटन के पश्चात् बदले राजनीतिक परिदृश्य पर अपने विचार लिखिए।
Write your views on the changed political scenario after the disintegration of the Soviet Union.

21) भारत एंव तिब्बत के सम्बन्धों की विस्तृत विवेचना कीजिए। [4]
Discuss in detail the relations between India and Tibet.

अथवा/OR

''चीन ने सदैव भारत की उन्नति में अवरोध उत्पन्न किया है।'' इस कथन को स्पष्ट कीजिए।
China has always created obstacles in India progress. Explain this statement.

22) भारत के राजनीतिक मानचित्र में निम्न स्थानों को अंकित कीजिए। [4]

i) महाराष्ट्र ii) मध्यप्रदेश
iii) गोवा, दमन दीव iv) लक्षद्वीप

Mark the following places on the Political Map of India.

i) Maharashtra ii) Madhya Pradesh
iii) Goa, Daman Diu iv) Lakshadweep

अथवा/OR

भारत के राजनीतिक मानचित्र में निम्न स्थानों को अंकित कीजिए।

i) असम ii) आन्ध्रप्रदेश
iii) त्रिपुरा iv) मणिपुर

Mark the following places on the Political Map of India.

i) Assam ii) Andhra Pradesh
iii) Tripura iv) Manipur

✤✤✤✤

DO NOT WRITE ANYTHING HERE

Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**VU–11–Pol. Sc. (Supp.)**

# वरिष्ठ उपाध्याय पूरक परीक्षा, 2024

# VARISHTHA UPADHYAYA SUPPLEMENTARY EXAMINATION, 2024

## राजनीति विज्ञान

## POLITICAL SCIENCE

